हरिभूमि

नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, रविवार 30 अगस्त 2026

नर्मदापुरम | इटारसी | पिपरिया | पचमढ़ी | सोहागपुर | सिवनी-मालवा | माखननगर | बनखेड़ी

06 10 अखाड़ों के 75 पहलवानों ने दिखाए दांव-पेंच



09 सेमरी हरचंद में हुआ मुख्यमंत्री जन विश्वास...



कलेक्टर ने किया सांदीपनि विद्यालय सोहागपुर का निरीक्षण

सांदीपनि विद्यालय के अंतिम चरण के निर्माण कार्यों में तेजी लाएं : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के तहत कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने शनिवार को सांदीपनि विद्यालय सोहागपुर का निरीक्षण कर विद्यालय भवन में चल रहे निर्माण एवं सुधार कार्यों का जायजा लिया। उन्होंने निर्माण कार्य के अंतिम चरण में शेष रहे सभी कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कलेक्टर मिश्रा ने निर्देश दिए कि विद्यालय में बचे हुए सुधारात्मक कार्यों के लिए अलग-अलग टीम तैनात की जाएं, ताकि सभी कार्य समानांतर रूप से तेज गति से पूरे किए जा सकें। उन्होंने कहा कि आवश्यकता के अनुसार किसी कार्य में दो टीमों को भी लगाया जाए, जिससे कार्यों को निर्धारित समय में पूर्ण किया जा सके।

कलेक्टर ने शनिवार को सांदीपनि विद्यालय सोहागपुर का निरीक्षण कर विद्यालय भवन में चल रहे निर्माण एवं सुधार कार्यों का जायजा लिया।



निर्माण कार्य पूर्ण करने के दिए निर्देश

उन्होंने प्राचार्य सांदीपनि विद्यालय सोहागपुर को नियमित रूप से निर्माण एवं सुधार कार्यों की मॉनिटरिंग करते हुए उन्हें पूर्णता की ओर ले जाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने विद्यालय भवन के विभिन्न कक्षों एवं परिसर का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने अलग-अलग स्थानों पर आवश्यक सुधारात्मक कार्यों की पहचान कर उन्हें शीघ्र पूरा करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

शौचालय व बाथरूम भी देखे

कलेक्टर मिश्रा ने विद्यालय में निर्मित शौचालय एवं बाथरूम का भी निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिन स्थानों पर पानी का उपयोग किया जाएगा, वहां पानी की निकासी एवं सूखने की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि पानी परिसर में न फैले और स्वच्छता बनी रहे। उन्होंने निर्माण कार्यों की गुणवत्ता एवं व्यवस्थाओं को प्राथमिकता देते हुए कहा कि विद्यालय का हस्तांतरण सभी आवश्यक कार्यों की पूर्णता, तकनीकी परीक्षण और साफ-सफाई सुनिश्चित करने के बाद ही किया जाए। उन्होंने प्राचार्य को निर्देशित किया कि हस्तांतरण से पूर्व पूरे परिसर का भ्रमण कर यह सुनिश्चित करें कि किसी भी स्थान पर बारिश के कारण सीपेज अथवा अन्य समस्या न हो। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक श्री साई कृष्ण एस. थोटा सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

प्राचार्य से कहा परिसर में रहे साफ-सफाई

उन्होंने विद्यालय परिसर में साफ-सफाई के लिए अतिरिक्त श्रमिक तैनात करने तथा परिसर के प्रत्येक खंड में बारीकी से सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। कलेक्टर ने कहा कि विद्यालय भवन के हस्तांतरण से पूर्व पानी, बिजली सहित सभी तकनीकी एवं मशीनी व्यवस्थाओं का बारीकी से परीक्षण किया जाए, ताकि भविष्य में किसी प्रकार की समस्या उत्पन्न न हो।

अनियंत्रित होकर पलटी सांदीपनि स्कूल की बस कंडक्टर व चालक सहित घायल हुए चार बच्चे

बस चालक के विरुद्ध प्रकरण दर्ज, तीव्र गति से बस चलाने वालों पर नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर



सोहागपुर ब्लॉक के सांदीपनि स्कूल की बस शनिवार सुबह अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में बस में सवार चार विद्यार्थी, चालक और महिला कंडक्टर घायल हो गए हैं। पुलिस ने चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है।

पुलिस ने बताया कि हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। खेतों में कार्यरत लेबर व किसान तत्काल बस तक पहुंचे और बस में फंसे बच्चों को बाहर निकाला। सूचना पर डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची। आरक्षक कमल किशोर, संतोष कुमार और सुनील ओझा ने ग्रामीणों की मदद से घायलों को सरकारी अस्पताल सोहागपुर भेजा। जहां बच्चों और अन्य घायलों का उपचार किया गया।

क्यों बुलाया थाने..??

पुलिस ने थाने बुलाकर घायल बच्चों के बयान लिए, जिस पर कानून के जानकारों ने आपत्ति उठाई है। लोगों का कहना है कि बच्चों को बयान के लिए थाने क्यों बुलाया गया। पुलिस बच्चों के बयान अस्पताल में ही ले सकती थी। या बाद में बच्चों के घर पहुंचकर भी बयान ले सकती थी। बच्चों ने बताया कि ज्यादा चोटें नहीं हैं। लेकिन कुछ बच्चों को कांच गड़े हैं। एक छात्रा के मुंह में कांच के टुकड़े चूर्ण रूप में पहुंच गए। जिसे थाने में बार-बार पानी से कुल्ला कराया गया, ताकि कांच के चूरे से अंदरूनी क्षति ना हो।

चार विद्यार्थियों को आई चोटें

हादसे में ग्राम बंदीछोड़ पिपरिया निवासी सौरभ ठाकुर 13 वर्ष एवं रिषभ ठाकुर 11 वर्ष तथा चारगांव निवासी मधु गुर्जर 14 वर्ष और रागिनी पाल 15 वर्ष घायल हुए हैं। इसके अलावा बस चालक तुलसी प्रसाद 53 वर्ष निवासी करनपुर और महिला कंडक्टर वर्षा सिंह 43 वर्ष निवासी सरदार वार्ड सोहागपुर को भी चोटें आई हैं। पुलिस ने बताया कि बस क्रमांक एमपी 04 पीए 2430 चुरका और सूकरी के बीण शनिवार सुबह लगभग साढ़े छह से सात बजे के बीच अनियंत्रित होकर पलट गई थी। छात्र-छात्राओं ने मीडियाकर्मियों को बताया कि चालक बहुत तीव्र गति से बस दौड़ा रहा था, जिसके कारण यह घटना हुई।

प्रकरण दर्ज

मामले में लापरवाहीपूर्वक बस चलाने पर बस चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

गिरीश त्रिपाठी, थाना प्रभारी सोहागपुर

काशी-गया यात्रा के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 18 सितंबर

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

मध्यप्रदेश शासन की मुख्यमंत्री तीर्थ-दर्शन योजनांतर्गत जिले के वरिष्ठ नागरिकों के लिए 'काशी (वाराणसी)-गया' तीर्थयात्रा का आयोजन किया जा रहा है।

उप संचालक, सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण नर्मदापुरम (नोडल अधिकारी तीर्थयात्रा) ने बताया कि शासन से प्राप्त लक्ष्य अनुसार इस यात्रा का प्रस्थान 29 सितंबर 2026 को होगा और 04 अक्टूबर 2026 को वापसी होगी। इस यात्रा के लिए जिले से कुल 196 तीर्थयात्रियों को भेजा जाएगा।

जिले के इच्छुक हितग्राही अपने आवेदन संबंधित स्थानीय निकाय में 18 सितंबर 2026 तक जमा कर सकते हैं। स्थानीय निकायों द्वारा भी इसी तिथि तक प्राप्त आवेदनों को https://dpms.mp.nic.in पोर्टल पर ऑनलाइन करना अनिवार्य होगा। 60 वर्ष से अधिक आयु के, आयकर दाता न होने वाले और शारीरिक रूप से सक्षम वरिष्ठ नागरिक योजना के लिए पात्र होंगे।

सांसद माया नारोलिया ने सैनिकों को बांधी राखी, 'संवाद केंद्र' पर मनाया रक्षाबंधन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



राज्यसभा सांसद माया नारोलिया ने नर्मदापुरम स्थित अपने निवास कार्यालय 'संवाद केंद्र' पर रक्षाबंधन का पावन पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया। इस अवसर पर उन्होंने देश के वीर सैनिकों (पूर्व सैनिकों) और उपस्थित भाइयों की कलाई पर रक्षासूत्र बांधकर उनके प्रति गहरा सम्मान और कृतज्ञता व्यक्त की।

सैनिकों के प्रति कृतज्ञता: सांसद ने सीमाओं और आंतरिक सुरक्षा में तैनात सैनिकों के अदम्य साहस व निष्ठा को नमन करते हुए उन्हें राखी बांधी और मुंह मीठा कराकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

सांसद का संदेश: उन्होंने कहा कि रक्षाबंधन केवल पारंपरिक पर्व नहीं, बल्कि परस्पर विश्वास, त्याग, समर्पण और सामाजिक समरसता का प्रतीक है। उन्होंने प्रदेशवासियों के सुख, शांति, समृद्धि और उत्तम स्वास्थ्य की प्रार्थना की। प्रमुख उपस्थिति: इस अवसर पर अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद के जिलाध्यक्ष व नगर पालिका उपाध्यक्ष निर्मल सिंह राजपूत, महासचिव ओमप्रकाश रण, मीडिया प्रभारी संतबंत सिंह, यमुना प्रसाद मलैया, अजय चौधरी सहित कई सैनिक भाई, गणमान्य नागरिक और सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

रक्षाबंधन मिलन समारोह में उमड़ा बहनों का स्नेह, पुष्पवर्षा से किया बहनों का स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



रक्षाबंधन के पावन पर्व के अवसर पर पिपरिया स्थित सांसद कार्यालय में रक्षाबंधन मिलन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में लोकसभा क्षेत्र से हजारों की संख्या में माताओं एवं बहनों ने पहुंचकर सांसद दर्शन सिंह चौधरी की कलाई पर राखी बांधी और उनके स्वस्थ, सुखी एवं दीर्घायु जीवन की मंगलकामना की।

सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने समारोह में उपस्थित बहनों का पुष्पवर्षा कर आत्मीय स्वागत किया। इस अवसर पर पूरा परिसर भाई-बहन के स्नेह, अपनत्व और आत्मीयता से सराबोर रहा। दिव्यांग बहनों ने भी सांसद चौधरी को राखी बांधकर रक्षाबंधन का पर्व मनाया।

रक्षाबंधन मिलन समारोह में विधायक ठाकुरदास नागवंशी, जनपद अध्यक्ष संध्या सिंघाड़े, पूर्व विधायक हरिशंकर जायसवाल, नवनीत नागपाल, बलराम वैस, नरसिंह रावत, ललिता पूर्विया, गोपाल दास दूदानी, ज्योति चौरे, राजा पटेल, बलराम ठाकुर, प्रशांत रघुवंशी की उपस्थिति रही।

जिले में अब तक दर्ज हुई 700 मिलीमीटर वर्षा, पिछले वर्ष से कम हुई बारिश

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

इटारसी और आसपास के क्षेत्रों में सावन की विदाई के बाद भी रुक-रुककर बारिश जारी है। बीते 24 घंटे में इटारसी तहसील में 9 मिमी बारिश दर्ज की गई, जिससे इस सीजन का कुल आंकड़ा 700 मिमी हो गया है। हालांकि, लगातार बारिश के बावजूद तवा बांध का जलस्तर अभी भी निर्धारित स्तर से 14 फीट नीचे है और इस मानसून सीजन में अब तक इसके गेट एक बार भी नहीं खोले गए हैं।शनिवार सुबह 8 बजे तवा बांध का जलस्तर 1152.60 फीट दर्ज किया गया। सामान्यतः 15 अगस्त तक बांध का जलस्तर लगभग 1166 फीट तक पहुंच जाना चाहिए था, लेकिन अगस्त का दूसरा पखवाड़ा बीतने के बाद भी बांध इस आंकड़े से काफी दूर है।अब तक एक बार भी नहीं खुले गेटइस मानसून सीजन में तवा बांध के गेट एक बार भी नहीं खोले गए हैं। इसका मुख्य कारण बांध में पर्याप्त जलभराव का न होना बताया जा रहा है।

गत वर्ष इस अवधी में 1085.9 मिमी वर्षा हुई

29 अगस्त को प्रातः8 बजे तक जिले में 700 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज हुई है। गत वर्ष इसी अवधि में 1085.9 मिलीमीटर औसत वर्षा हुई थी। तहसीलदार भू-संसाधन प्रबंधन नर्मदापुरम ने बताया है कि 26 अगस्त से 27 अगस्त 2026 को प्रातः 8 बजे तक तहसील नर्मदापुरम में 10.8 मिलीमीटर, सिवनीमालवा में 21.0 मिलीमीटर, इटारसी 24.2 मिलीमीटर, माखननगर में 3.0 मिलीमीटर, सोहागपुर में 4.0 मिलीमीटर, पिपरिया में 0.0 मिलीमीटर, बनखेड़ी में 0.0 मिलीमीटर, पचमढी में 14.0 एवं तहसील डोलरिया 12.2 मिलीमीटर वर्षा दर्ज हुई है। तहसीलदार भू-संसाधन प्रबंधन नर्मदापुरम ने बताया कि वर्तमान में सेठानी घाट का जलस्तर 943.10 फीट है, तवा जलाशय का 1149.40 फीट है, बरगी जलाशय का 421.05 मीटर एवं बारना जलाशय 346.93 मीटर दर्ज किया गया है।

रक्षाबंधन पर प्रेम और विश्वास की डोर से बंधे भाई-बहन



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

भाई-बहन के अटूट प्रेम, स्नेह और विश्वास का पर्व रक्षाबंधन नर्मदापुरम में पारंपरिक उल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया। सुबह से ही बाजारों और घरों में पर्व की रौनक नजर आई। बहनों ने भाइयों की कलाई पर प्रेम और विश्वास की राखी बांधकर उनकी सुख-समृद्धि, दीर्घायु और उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

इस अवसर पर भाइयों ने भी बहनों को उपहार भेंट कर उनके प्रति अपने स्नेह का इजहार किया और हर परिस्थिति में उनके साथ खड़े रहने का संकल्प दोहराया। राखी बांधने के बाद भाई-बहनों ने एक-दूसरे का मुंह मीठा कराया और परिवार के साथ पर्व की खुशियां साझा कीं।

राष्ट्रीय खेल दिवस पर उत्साह के साथ खेल प्रतियोगिताओं का किया गया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



शासकीय कन्या महाविद्यालय में राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर बैडमिंटन, टेबल टेनिस, शतरंज और फिटनेस चैलेंज जैसी विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

प्राचार्य डॉ. आर. एस. मेहरा ने छात्राओं को खेल दिवस की शुभकामनाएं देते हुए उन्हें पढ़ाई के साथ खेल गतिविधियों में भी सक्रिय रहने के लिए प्रेरित किया। क्रीड़ा अधिकारी डॉ. मुकेश चंद्र बिष्ट ने नियमित खेल के महत्व और मेजर ध्यानचंद के योगदान पर प्रकाश डाला, जबकि कार्यक्रम संयोजक डॉ. संजय आर्य ने छात्राओं की उत्साहपूर्ण सहभागिता की सराहना की। प्रतियोगिताओं के परिणामों के तहत, बैडमिंटन में कु. क्षमा पुरनकर (छात्राओं में प्रथम) और कु. मारिया सिद्दकी (द्वितीय) रहीं। टेबल टेनिस में कु. सुहानी बड़कुर ने प्रथम और कु. मारिया सिद्दकी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। शतरंज प्रतियोगिता में कु. सुहानी बड़कुर प्रथम तथा कु. भूमि राठौर द्वितीय स्थान पर रहीं। वहीं फिटनेस चैलेंज में कु. नेहा बामने ने प्रथम और कु. मनीषा अहिरवार ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। प्राध्यापकों ने भी विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्साह से भाग लिया। अंत में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

नर्मदा तट पर ब्राह्मणों ने किया श्रावणी उपाकर्म

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



श्रावण पूर्णिमा के अवसर पर मां नर्मदा के कोरी घाट पर यज्ञाचार्य पं. प्रमोद भार्गव के नेतृत्व में कर्मकांडी ब्राह्मणों ने विधि-विधान से श्रावणी उपाकर्म संपन्न किया। वर्ष भर पूजा-पाठ में हुई त्रुटियों की क्षमा याचना और पापमुक्ति के लिए ब्राह्मणों ने पंचगव्य स्नान किया तथा पितरों को अर्घ्य दिया। भगवान गणेश, गौरी, विष्णु और सप्तऋषियों का पूजन कर यज्ञ-हवन किया गया। साथ ही वर्ष भर धारण की जाने वाली नई जनेऊ (यज्ञोपवीत) का पूजन कर जनेऊ संस्कार भी संपन्न हुआ। इस धार्मिक आयोजन में पं. मोहन प्रसाद द्विवेदी, महेश उपाध्याय, कुंज बिहारी भार्गव, सुमितानंद महाराज, घनश्याम तिवारी सहित अन्य स्थानीय विप्रजनों ने भाग लिया और अंत में सभी के स्वस्थ जीवन की मंगल कामना की।

झूलन सेवा समिति ने किया कार्यक्रम का आयोजन

आग बुझाने वाले दमकल कर्मियों का सिंधी समाज ने किया सम्मान, चालीहा महोत्सव में हुआ ब्राह्मण भोज

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



शहर के राधाकृष्ण मार्केट में गुरुवार को एक दुकान में लगी आग पर काबू पाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले नगर पालिका के जांबाज दमकल कर्मियों को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया। पूज्य पंचायत सिंधी समाज के तत्वावधान में झूलन सेवा समिति ने शुक्रवार रात एक कार्यक्रम आयोजित कर इन कर्मचारियों की कर्मठता और त्वरित कार्रवाई की सराहना की।

कर्मचारियों को समिति ने सम्मानित किया

आग बुझाने में अदम्य साहस का परिचय देने वाले दमकल विभाग के कर्मचारियों को समिति द्वारा सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वालों में नरेंद्र महाराज, परसराम मीणा, अरुण चौधरी, मांगीलाल, आशीष तिवारी, अंकित, उमाशंकर दुबे शामिल हैं।

चालीहा महोत्सव में ब्राह्मणों का सम्मान और भोज

सिंधी समाज द्वारा इन दिनों मनाए जा रहे 'भगवान झूलेलाल चालीहा महोत्सव' के तहत धार्मिक और सामाजिक कार्यक्रमों का दौर भी जारी है। इसी श्रृंखला में शनिवार को शहर के कर्मकांडी ब्राह्मणों के लिए एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान ब्राह्मणों को ससम्मान भोज कराया गया तथा समाज की ओर से उन्हें दान-दक्षिणा भेंट कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया गया।

स्प्रिंगडेल्स स्कूल में बच्चों ने मनाया जन्माष्टमी महोत्सव



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

स्प्रिंगडेल्स सीनियर सेकेंण्डरी स्कूल में गत दिवस रक्षाबंधन एवं जन्माष्टमी महोत्सव हर्षोल्लास, उमंग और सांस्कृतिक रंगों के साथ भव्य रूप से मनाया गया। विद्यालय के बृहस्पति हॉल में आयोजित इस विशेष समारोह में बाल वाटिका के नर्सरी से लेकर कक्षा दूसरी तक के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने अपनी मनमोहक प्रस्तुतियों से सभी का दिल जीत लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः 9:30 बजे दीप प्रज्ज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राजेश शर्मा प्राचार्य शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एसपीएम, आशा दुबे अध्यक्ष ब्राह्मण महिला संगठन नर्मदापुरम, जूही चटर्जी, डॉ आशीष चटर्जी, सुभाशीष चटर्जी डायरेक्टर, एवं प्राचार्य मोना चटर्जी उपस्थित रहीं।

खबर संक्षेप

नगर में श्रद्धा और उत्साह से मनाया भुजरिया पर्व



भौंरा। रक्षाबंधन के दूसरे दिन शनिवार को नगर में पारंपरिक भुजरिया पर्व श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। पर्व को लेकर सुबह से ही घरों में तैयारियां चलती रहीं। शाम के समय महिलाओं ने अपने-अपने घरों में भुजरिया की पूजा-अर्चना की और इसके बाद उन्हें लेकर पारंपरिक रूप से घरों से बाहर निकलीं। महिलाएं भुजरिया लेकर मां बीजासेन मंदिर स्थित नदी पहुंचीं। यहां विधि-विधान से पूजा-अर्चना करने के बाद भुजरिया का नदी में विसर्जन किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में नगरवासी मौजूद रहे। पर्व को लेकर लोगों में विशेष उत्साह देखने को मिला। विसर्जन के बाद लोग वापस नगर लौटे और विभिन्न मंदिरों में पहुंचकर भगवान को भुजरिया अर्पित कर आशीर्वाद लिया। इसके पश्चात लोगों ने एक-दूसरे को भुजरिया भेंट कर पर्व की शुभकामनाएं दीं। छोटों ने बड़ों को भुजरिया देकर उनका आशीर्वाद लिया, वहीं बड़ों ने भी स्नेहपूर्वक उन्हें शुभकामनाएं दीं। भुजरिया पर्व के दौरान नगर में आपसी भाईचारे, मेल-मिलाप और पारंपरिक लोक संस्कृति की झलक देखने को मिली। महिलाओं और बच्चों में पर्व को लेकर खासा उत्साह रहा। लोगों ने एक-दूसरे से मिलकर भुजरिया की शुभकामनाएं दीं और सुख-समृद्धि की मंगलकामना की। भुजरिया पर्व नगर की लोक परंपरा और सांस्कृतिक विरासत से जुड़ा पर्व है। रक्षाबंधन के बाद मनाए जाने वाले इस पर्व में धार्मिक आस्था के साथ सामाजिक सद्भाव और पारस्परिक स्नेह की भावना भी दिखाई देती है। नगर में लोगों ने वर्षों से चली आ रही परंपरा को कायम रखते हुए उत्साह और श्रद्धा के साथ भुजरिया पर्व मनाया।

सदर में धूमधाम से मनाया भुजरिया पर्व



बैतूल। रक्षाबंधन पर्व के दूसरे दिन सदर में भुजरिया का त्योहार पारंपरिक उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर साहू समाज समिति सहित समाज के महिला-पुरुषों और बच्चों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। लोगों ने भुजरिया का पूजन कर एक-दूसरे को भुजरिया भेंट की और पर्व की शुभकामनाएं दीं। समाजजनों ने कहा कि भुजरिया पर्व हमारी लोक परंपरा और सांस्कृतिक विरासत का महत्वपूर्ण हिस्सा है। ऐसे पर्व नई पीढ़ी को अपनी संस्कृति और परंपराओं से जोडऩे के साथ समाज में आपसी सद्भाव और भाईचारे को मजबूत करते हैं। आयोजन के दौरान उत्साह- उमंग का माहौल बना रहा।

6 सितंबर को गायत्री कुंज में होगा भगवद्गीता संदेश गायन कार्यक्रम

बैतूल। धर्मांतरण, जातिवाद, जनसंख्या विघटन और मानसिक प्रदूषण जैसे सामाजिक एवं राष्ट्रीय खतरों के प्रति युवाओं को जागरूक करने के उद्देश्य से भगवद्गीता राष्ट्र धर्म अभियान संगठन द्वारा 6 सितंबर, रविवार को शाम 6 बजे गायत्री कुंज, सुयोग कॉलोनी, विकास नगर, बैतूल में भगवद्गीता संदेश गायन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। अभियान के संयोजक प्रहलाद परिहार ने बताया कि कार्यक्रम में सुश्री झलक परिहार भगवद्गीता के विभिन्न अध्यायों पर आधारित 14 मौलिक गीत प्रस्तुत करेंगी। झलक परिहार इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय, खैरागढ़ से शास्त्री संगीत में स्नातक हैं। तबले पर सुयांश वर्मा और कीबोर्ड पर वेदांत उदयपुरे संगत करेंगे। प्रहलाद परिहार ने बताया कि उनके द्वारा ईश्वर प्रेरणा से लिखे गए इन 14 गीतों के माध्यम से गीता के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। आयोजकों के अनुसार यह अपनी तरह का पहला मौलिक प्रयास है। अभियान के अंतर्गत महिलाओं और लड़कियों को आत्मरक्षा का प्रशिक्षण देना भी शामिल हैं।

दो एकड़ में शुरू हुआ काम, लगभग चार करोड़ से होगा निर्माण

फोरलेन के नजदीक ग्राम जामठी में बन रहा हाईटेक फायर स्टेशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल

शहरवासियों को जल्द ही महानगरों की तर्ज पर फायर स्टेशन का लाभ मिलेगा। ग्राम जामठी में जमीन उपलब्ध होने के बाद फायर स्टेशन का निर्माण कार्य शुरू हो गया है और अनुमान है कि लगभग एक साल में यह फायर स्टेशन भी बनकर तैयार हो जायेगा। मध्यप्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कंपनी (एमपीयूडीसी) द्वारा करीब दो एकड़ क्षेत्र में इस फायर स्टेशन का निर्माण कराया जा रहा है। बता दे कि फिलहाल बैतूल नगरपालिका के पास दो बड़ी और एक छोटी फायर ब्रिगेड हैं। जगह की कमी के कारण इन्हें नगरपालिका परिसर में खड़ा करना पड़ता है। यहां तक कि कर्मचारियों के लिए अलग से कोई कमरे की सुविधा भी उपलब्ध नहीं है।

मुख्य गेट के पास एक अस्थायी जगह पर ही फायर कर्मचारी 24 घंटे ड्यूटी निभाते हैं और जैसे ही इमरजेंसी कॉल आता है, फायर ब्रिगेड मौके पर रवाना हो जाती है। अब अग्निशमन व्यवस्था को वर्तमान व्यवस्था की तुलना में अधिक व्यवस्थित और आधुनिक बनाने की तैयारी है। फायर स्टेशन को शहर के बीचों-बीच बनाने के बजाए ऐसी जगह पर विकसित किया जा रहा है, जहां से दमकल वाहनों को मुख्य मार्गों तक पहुंचने में कम समय लगे। जामठी में फोरलेन के नजदीक स्टेशन बनने का सबसे बड़ा फायदा यह होगा कि आगजनी की सूचना मिलने के बाद दमकल वाहनों को शहर के अंदर के ट्रैफिक से होकर गुजरने की जरूरत कम पड़ेगी। इससे शहर के साथ-साथ हाईवे, बाजार और औद्योगिक क्षेत्रों में भी त्वरित सहायता पहुंचाने में मदद मिलेगी।



आधुनिक उपकरण के साथ होगा हाईटेक कंट्रोल रूम

जामठी में प्रस्तावित फायर स्टेशन की अनुमानित लागत करीब चार करोड़ रूपये बताई जा रही है। जहां आधुनिक अग्निशमन उपकरणों के साथ हाईटेक कंट्रोल रूम की व्यवस्था की जाएगी। कर्मचारियों के रहने और प्रशिक्षण के लिए बैरक व आवास की सुविधा भी विकसित की जाएगी। इस तरह स्टेशन को आधुनिक अग्निशमन केंद्र के रूप में तैयार करने की योजना है। उद्देश्य यह है कि किसी भी तरह की आगजनी की घटना पर तत्काल काबू पाया जा सके। बताया गया कि एमपीयूडीसी विभिन्न नगरीय निकायों और औद्योगिक क्षेत्रों में आधुनिक फायर स्टेशनों का निर्माण करा रही है। इसके लिए 15वें वित्त आयोग की सिफारिशों के तहत एनडीआरएफ और एसडीआरएफ के माध्यम से वित्तीय व्यवस्था की है, जिसमें केंद्र और राज्य की हिस्सेदारी शामिल है।

अभी नपा परिसर में खड़ी रहती हैं दमकल गाड़ियां

वर्तमान में बैतूल नगर पालिका के पास अलग से फायर स्टेशन की सुविधा नहीं है। फायर वाहन नगरपालिका परिसर में ही खड़े किए जाते हैं। आगजनी या अन्य आपात स्थिति की सूचना मिलने पर इन्हें मौके के लिए रवाना किया जाता है। नगरपालिका का परिसर शहर के बीच स्थित होने के कारण कई बार दमकल वाहनों को घटनास्थल तक पहुंचने में शहर के यातायात का सामना करना पड़ता है। खासकर व्यस्त बाजार क्षेत्रों में वाहनों को बाहर निकालने और घटनास्थल तक पहुंचने में अतिरिक्त समय लग सकता है। नया फायर स्टेशन शहर के बाहर और मुख्य कनेक्टिविटी के नजदीक होने से इस समस्या कम करने में मदद करेगा। यहां से दमकल वाहन हाईवे के साथ शहर के अंदरूनी हिस्सों, कोठी बाजार व औद्योगिक क्षेत्रों की ओर तेजी से रवाना किए जा सकेंगे।

एक साल में निर्माण पूरा करने का लक्ष्य

प्रदेश में फायर स्टेशन निर्माण के लिए एमपीयूडीसी द्वारा अलग-अलग क्लस्टर बनाकर टेंडर जारी किए हैं। बैतूल सहित संबंधित मुख्य फायर स्टेशन प्रोजेक्ट की अनुमानित लागत चार करोड़ रुपए है। निर्माण शुरू होने के बाद 12 माह पूरा करने का लक्ष्य है। निर्माण की निगरानी नगरीय विकास एवं आवास विभाग तथा नगर पालिका के स्तर से की जा रही है।

ग्रामीण क्षेत्रों को भी मिलेगा लाभ ...

फायर स्टेशन बनने से न केवल शहरी बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों को भी लाभ मिलेगा। फोरलेन के नजदीक होने से शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में आग लगने पर दमकल तेजी से पहुंच सकेगी। फायर वाहन शहर के बाहर बने स्टेशन से सुगमता से निकलकर मौके तक पहुंच सकेंगे। इससे समय की बचत होगी और नुकसान कम किया जा सकेगा। विशेषज्ञ मानते हैं कि बैतूल जैसे शहर में जहां लगातार शहरीकरण बढ़ रहा है, वहां आधुनिक फायर स्टेशन की जरूरत लंबे समय से महसूस की जा रही थी। नए फायर स्टेशन से फायर ब्रिगेड की संख्या भी बढ़ेगी और शहर के लिए हमेशा गाडिय़ां उपलब्ध रहेंगी।

इनका कहना है

फायर स्टेशन का निर्माण शुरू हो गया है। एमपीयूडीसी द्वारा फायर स्टेशन का निर्माण कराया जा रहा है। जामठी में करीब दो एकड़ जमीन फायर स्टेशन निर्माण के लिए आरक्षित की गई थी।

- पंकज धुर्वे, सब इंजीनियर नगरपालिका बैतूल

स्वयंसेवकों ने समाजबंधुओं को बांधा रक्षा सूत्र

गांधी वार्ड की सेवाबस्ती में आरएसएस ने मनाया रक्षाबंधन



हरिभूमि न्यूज ⏭ मुलताई

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ मुलताई द्वारा रक्षाबंधन उत्सव का आयोजन सेवाबस्ती गांधी वार्ड में किया गया। कार्यक्रम में स्वयंसेवकों ने बस्तीवासियों के बीच पहुंचकर उन्हें रक्षा सूत्र बांधे और सामाजिक समरसता एवं आपसी भाईचारे का संदेश दिया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय निवासी भवन में एकत्रित हुए। अपने बीच स्वयंसेवक बंधुओं को उपस्थित देखकर बस्तीवासियों में हर्ष का माहौल रहा। इस अवसर पर बौद्धिक के दौरान वक्ता ने कहा कि सभी हिंदू भारत माता की संतान हैं। कोई भी हिंदू पतित नहीं है। हमारी दीक्षा हिंदू संस्कृति की रक्षा करना तथा सभी हिंदुओं में समानता और समरसता का भाव उत्पन्न करना है।उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ सभी समाजबंधुओं की समानता और उत्थान की बात करता है। हिंदू समाज संत रविदास, महर्षि वाल्मीकि, संत गाडगे और डॉ. भीमराव अंबेडकर सहित सभी महापुरुषों को अपना आदर्श मानता है। बौद्धिक कार्यक्रम के बाद बस्ती की माता-बहनों ने स्वयंसेवक भाइयों की कलाइयों पर रक्षा सूत्र बांधा। स्वयंसेवकों ने भी बहनों को मिठाई खिलाकर एवं उपहार देकर उनका आशीर्वाद लिया। कार्यक्रम में मुलताई नगर संघचालक जयेश संघवी, नगर कार्यवाह सुरेन देशमुख सहित बड़ी संख्या में स्वयंसेवक बंधु उपस्थित रहे।

आयुष विभाग ने उपचार की दी जानकारी

शिविर में 43 ग्रामीणों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल

विकासखंड आठनेर के ग्राम सूकी में मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के तहत शिविर आयोजित किया गया। शिविर में विभिन्न शासकीय विभागों के अधिकारी-कर्मचारियों ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं। ग्रामीणों ने राजस्व, पंचायत सहित अन्य विभागों से जुड़ी समस्याएं अधिकारियों के समक्ष रखीं। अधिकारियों ने समस्याओं के निराकरण की प्रक्रिया और आवश्यक कार्रवाई की जानकारी देते हुए संबंधित विभागों को निर्देश दिए। शिविर के दौरान आंगनवाड़ी और प्राथमिक शाला का निरीक्षण कर विद्यार्थियों को मिल रही सुविधाओं और शैक्षणिक व्यवस्थाओं की जानकारी ली गई। अधिकारियों ने आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। अभियान का उद्देश्य शासन की योजनाओं और सेवाओं का लाभ ग्रामीणों तक पहुंचाने के साथ स्थानीय स्तर पर समस्याओं का निराकरण सुनिश्चित करना है। ग्रामीणों ने शिविर में उत्साहपूर्वक सहभागिता की। इसी दौरान आयुष विभाग ने चिकित्सा शिविर लगाया। आयुष चिकित्सक डॉ. सुशील सोनी, अभिषेक कोसे और योग प्रशिक्षक सतीश शैलू ने 43 ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उनकी समस्याओं के अनुसार उपचार और परामर्श दिया। ग्रामीणों को आयुर्वेद एवं योग चिकित्सा, मौसमी बीमारियों से बचाव, स्वस्थ जीवनशैली, खान-पान और दिनचर्या के महत्व की जानकारी दी गई।

महिला अध्यक्षों को भी मिली जिम्मेदारी

चोपना ब्लॉक की 18 पंचायतों में कांग्रेस ने घोषित किए अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल

जिला कांग्रेस कमेटी बैतूल ने घोड़ाडोंगरी विधानसभा क्षेत्र में चोपना उपब्लॉक की 18 ग्राम पंचायतों में पंचायत अध्यक्ष और महिला पंचायत अध्यक्षों की नई टीम घोषित की है। पार्टी ने नियुक्तियों में विभिन्न सामाजिक वर्गों को प्रतिनिधित्व देते हुए संगठन को गांव स्तर तक मजबूत करने का प्रयास किया है। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की राष्ट्रीय सचिव एवं मध्यप्रदेश सह-प्रभारी उषा नायडू के निर्देश, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी की सहमति और जिला प्रभारी सुनील उइके के मशविरे के बाद नियुक्तियों को मंजूरी दी गई। जिला कांग्रेस अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक निलय विनोद डागा ने यह सूची जारी की है। आमडोह में मृणाल नंदी और शिकुल मंडल, बंजारीढाल में शिवकुमार बारस्कर और रूकमणी बारस्कर, रामपुर में श्रीराम उइके और फगनी धुर्वे, सिवनपाट में मुन्ना परते और सीमा उइके, बादलपुर में बरूण कुमार हलदार और सुकुमारी ठाकुर तथा डेहरीआमढाना में कृष्णा मर्सकोले और कविता दर्शिमा को अध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई है। झोली में अरूण विश्वास और सरिता बटकीडोह में सुदीप मंडल और अंजलि सरदार, नूतनडंगा में श्यामल पाल और सुभाषिनी सिकदार, गोल्हईबुजुर्ग में मुकेश यादव और सुशीला परते, शक्तिगढ़ में मीनल चौधरी और गीता मिस्त्री तथा खापा में रामकृष यादव और सुंदरिया बाई को नियुक्त किया गया है।

नई टीम तत्काल प्रभाव से लागू

केंद्रीय विद्यालय सारणी में मनाया राष्ट्रीय खेल दिवस

खेलों से बनता है स्वस्थ शरीर और मजबूत व्यक्तित्व



हरिभूमि न्यूज ⏭ सारणी

खेल केवल मनोरंजन का साधन नहीं, बल्कि स्वस्थ शरीर, अनुशासन, आत्मविश्वास और टीम भावना के विकास का महत्वपूर्ण माध्यम हैं। इसी संदेश के साथ शनिवार को केंद्रीय विद्यालय सारणी में राष्ट्रीय खेल दिवस समारोह उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्राचार्य प्रशांत पैलवर ने हॉकी के महान खिलाड़ी एवं भारत के महानतम खिलाड़ियों में शुमार मेजर ध्यानचंद के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को खेलों के प्रति जागरूक करते हुए नियमित खेल गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया गया। राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर विद्यालय की प्रातःकालीन सभा को पूरी तरह खेल विषय पर आधारित रखा गया। विद्यार्थियों ने खेलों के महत्व, अनुशासन, स्वास्थ्य, फिटनेस और टीम भावना से संबंधित विभिन्न प्रस्तुतियां दीं।

विद्यार्थियों को बताया मेजर ध्यानचंद का गौरवशाली सफर

शिक्षक आशुतोष तिवारी ने विद्यार्थियों को मेजर ध्यानचंद के जीवन, उनके अद्भुत खेल कौशल और भारतीय हॉकी में उनके योगदान की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मेजर ध्यानचंद ने अपने शानदार खेल प्रदर्शन से भारतीय हॉकी को विश्व स्तर पर नई पहचान दिलाई। साथ ही विद्यालय में आयोजित होने वाली विभिन्न खेल गतिविधियों एवं विद्यालय की खेल उपलब्धियों से भी विद्यार्थियों को अवगत कराया। विद्यालय के खेल शिक्षक अश्विनी प्रजापति ने विद्यार्थियों को खेलों में सक्रिय रूप से भाग लेने, खेल भावना बनाए रखने और नियमित रूप से फिट रहने की शपथ दिलाई। दिनभर चला खेल गतिविधियों का दौर कार्यक्रम का कुशल संचालन योग प्रशिक्षिका तानिया परिहार ने किया।

144 साल पुरानी राष्ट्रीय बजरंग व्यायामशाला में कुश्ती प्रतियोगिता

10 अखाड़ों के 75 पहलवानों ने दिखाए दांव-पेंच

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल

बैतूल की 144 साल पुरानी राष्ट्रीय बजरंग व्यायामशाला में अंतरराज्यीय कुश्ती प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें मध्यप्रदेश और महाराष्ट्र के अलग-अलग क्षेत्रों से करीब 75 पहलवानों ने हिस्सा लिया। करीब 10 अखाड़ों के पहलवानों ने विभिन्न भार वर्गों में अपने दांव-पेंच और कुश्ती कौशल का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में 12 साल से लेकर 50 साल तक के पहलवान शामिल हुए। मुकाबले देखने के लिए बड़ी संख्या



में दर्शक पहुंचे और ओपन कुश्ती में पहलवानों के बीच हुए कड़े मुकाबलों ने लोगों का खूब उत्साह बढ़ाया। प्रतियोगिता में बैतूल जिले के ग्रामीण क्षेत्रों के अलावा नर्मदापुरम, इटारसी और हरदा के पहलवानों ने हिस्सा लिया। महाराष्ट्र के अमरावती और अचलपुर क्षेत्र से भी पहलवान प्रतियोगिता में पहुंचे। अलग-अलग अखाड़ों से आए पहलवानों ने विभिन्न भार वर्गों में अपनी ताकत और कुश्ती कौशल का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता का मुख्य आकर्षण 70 हजार रुपए की नगद इनामी खुली कुश्ती रही। इसके अलावा अन्य मुकाबलों में प्रथम और द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले पहलवानों के लिए भी अलग-अलग पुरस्कार निर्धारित किए थे।प्रतियोगिता का शुभारंभ जिला भाजपा अध्यक्ष सुधाकर पवार ने किया। इस अवसर पर अखाड़े से जुड़े पदाधिकारी और बड़ी संख्या में खेलप्रेमी मौजूद रहे।

ढोल-बाजे के साथ भुजरिया का पर्व मनाया



हरिभूमि न्यूज ⏭ शाहपुर

मां माचना नदी के पावन तट पर भुजरिया लेकर दूर-दूर से भक्त भुजरियों का विसर्जन करने के लिए पहुंचे। जिसमें पुरानी आदिवासी परंपराओं का विस्तार करने के लिए गोंडी बरबतपुर से मुख्य रूप से आदिवासी भुजरियों की झलक की प्रस्तुति भी दी गई। आदिवासी संस्कृति को और परंपरा को जीवित रखने और उनका नई पीढ़ी में प्रसार करने हेतु गुजरिया विसर्जन के कार्यक्रम में युवा और बुजुर्ग बच्चे भी अपने नये पारंपरिक वस्त्रों की वेशभूषा को धारण कर ढोल बाजे को स्वयं बजाते हुए और नृत्य करते हुए भुजरियो का पूजन अर्चन कर विसर्जन किया।

सांदीपनी स्कूल हिड़ली में पेयजल और बाउंड्रीवॉल की समस्या पर बीईओ एवं पीआईयू को नोटिस जारी करने के निर्देश

कलेक्टर डॉ सोनवणे ने किया जनसमस्याओं का समाधान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल

मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान के तहत शनिवार को मंगल भवन आठनेर में क्लस्टर स्तरीय जनविश्वास शिविर आयोजित किया गया। शिविर में कलेक्टर डॉ. सौरभ संजय सोनवणे ने ग्राम आष्टी, हिडली, मेंढाछिंदवाड, सूकी, बड़ाली, गोडी घोघरा, अम्बाड़ा, बोथी, खैरवाडा, टेमनी, तथा कोयलारी सहित अन्य ग्रामों के ग्रामीणों की समस्याएं ध्यानपूर्वक सुनीं और कई मामलों का मौके पर ही निराकरण कराया। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों को अपनी शिकायतों के निराकरण के लिए दूर नहीं जाना पड़े, इसी उद्देश्य से प्रत्येक शुक्रवार को उनके नजदीकी क्षेत्रों में मुख्यमंत्री जनविश्वास शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इन शिविरों



में सभी विभागों के अधिकारी उपस्थित रहकर ग्रामीणों की समस्याएं सुनने के साथ उनके त्वरित निराकरण की कार्रवाई सुनिश्चित कर रहे हैं। शिविर में जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रोशनी इवने, उपाध्यक्ष रामचरण इरपाचे, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती सुषमा मनोज जगताप, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री कमलेश खरपूसे सहित अन्य अधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। क्लस्टर स्तरीय शिविर में रक्तदान शिविर भी आयोजित किया गया, जिसमें नागरिकों द्वारा 11 यूनिट रक्तदान किया गया।

शिविर में ग्राम हिड़ली में सांदीपनी स्कूल में पेयजल एवं बाउंड्रीवॉल की समस्या संबंधी आवेदन पर कलेक्टर ने बीईओ एवं पीआईयू के संबंधित अधिकारी को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने एसडीएम एवं तहसीलदार को तत्काल स्थल निरीक्षण कर पेयजल समस्या के निराकरण के सख्त निर्देश दिए। ग्राम में हैंडपंप की समस्या पर पीएचई के अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। बरखेड़ निवासी चंद्रकांत आवठे द्वारा अतिक्रमण संबंधी शिकायत प्रस्तुत करने पर कलेक्टर ने तहसीलदार से प्रकरण की जानकारी ली। ठानी निवासी घनश्याम चढ़ोकार द्वारा विद्युत केबल एवं पोल क्षतिग्रस्त होने की शिकायत पर एमपीईबी के अधिकारियों को समस्या का शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए। ग्राम आष्टी निवासी रामदयाल उबनारे द्वारा जन्म प्रमाण-पत्र बनाए जाने संबंधी शिकायत पर कलेक्टर ने जनपद पंचायत के संबंधित अधिकारी से जानकारी ली तथा तहसीलदार को आवेदक की समस्या का निराकरण करने के निर्देश दिए।

आंगनवाड़ी भवन निर्माण के लिए स्थल चयन करने के निर्देश

शिविर में देवदास द्वारा जंगली जानवर से हुए नुकसान की शिकायत पर कलेक्टर ने संबंधित अधिकारी को एक सप्ताह में सर्वे कर प्रकरण का निराकरण करने के निर्देश दिए। धनोरा में राजस्व रिकॉर्ड संबंधी आवेदनों पर कलेक्टर ने तहसीलदार को आवश्यक जांच कर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। वहीं वार्ड क्रमांक-10 में आंगनबाड़ी भवन निर्माण के आवेदन पर कलेक्टर ने तहसीलदार एवं महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी को स्थल का निरीक्षण कर उपयुक्त स्थान का चयन करने के निर्देश दिए। ग्राम बरखेड़ में घास मद की भूमि संबंधी आवेदन पर एसडीएम को जांच कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री तीर्थ योजना स्पेशल आज आएगी बैतूल

बैतूल। छिंदवाड़ा से मथुरा के लिए मुख्यमंत्री तीर्थ योजना अंतर्गत स्पेशल ट्रेन छिंदवाड़ा से आज 30 अगस्त को सुबह 12:10 पर रवाना होगी एवं आमला में इसका आगमन 14/45 को होगा एवं प्रस्थान 14/55 को होगा, बैतूल स्टेशन पर यह स्पेशल ट्रेन 15/15 पर आएगी एवं 15:20 पर जाएगी, यह ट्रेन 31 अगस्त को सुबह 8:00 बजे मथुरा जंक्शन पहुंचेगी। 08814 मथुरा से छिंदवाड़ा यह ट्रेन 1 सितंबर को 19:55 पर मथुरा से रवाना होगी बैतूल में इस ट्रेन का आगमन 2 सितंबर को 09:25 पर होगा एवं प्रस्थान 09:30 पर होगी, आमला स्टेशन पर इस ट्रेन का आगमन 10:00 बजे होगा एवं प्रस्थान 10:05 पर होगा, छिंदवाड़ा यह ट्रेन 2 सितंबर को 13:10 पर पहुंचेगी।

खबर संक्षेप

संघ शताब्दी वर्ष को लेकर बैठक आज

सोहागपुर। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की कार्ययोजना के अंतर्गत खंड एवं नगर की बैठक सुनिश्चित की गई है। जिसमें खंड, नगर, उपखण्ड व मंडल के दायित्वधारी कार्यकर्ता अपेक्षित हैं। जानकारी अनुसार बैठक आज 30 अगस्त को दोपहर तीन बजे से सरस्वती शिशु मंदिर सोहागपुर में होगी।

विधानसभा प्रभारी की नियुक्ति

पिपरिया। पिपरिया विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 139से वर्तमान विधायक ठाकुरदास नागवंशी को टिकट दिलाने से लेकर लगातार 4बार विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के अलग-अलग चारों प्रत्याशी से हर बार सबसे ज्यादा मतों से विजई हासिल करने में सबसे ज्यादा सहयोग भाजपा नेता नवनीत नागपाल का रहा है। वल्कि यह कहा जावे की भाजपा के ही कद्दावर नेताओं ने हर बार बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया और खुलकर विरोध प्रदर्शन करते हुए भी हर बार बढ़-चढ़ कर विजय हासिल करने में मुख्य भूमिका निभाई है। पहले तो जनता ही विधानसभा क्षेत्र प्रभारी कहती थी। नवनीत सिंह नागपाल को लेकिन अभी वर्तमान में सामने आया कि भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं अन्य सभी पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं की सहमति से भाजपा जिला अध्यक्ष प्रीती शुक्ला के द्वारा लोकसभा क्षेत्र में 4 विधानसभा प्रभारी नियुक्त किए गए हैं। जिनमें पिपरिया विधानसभा क्षेत्र से नवनीत नागपाल को संगठन एवं पार्टी के द्वारा प्रभारी बनाया गया है। जिसके कारण लगातार शुभकामनाएं बधाई देने वाले लोगों का तांता लगा हुआ है।

नपाध्यक्ष से अम्बेडकर पार्क के सामने की रोड बनाने की मांग

सीहोर। कांग्रेस सेवादल के जिलाध्यक्ष नरेन्द्र खंगराले जाटव दलित चिंतक ने नगर पालिका परिषद सीहोर के अध्यक्ष प्रिंस विकास राठौर को ज्ञापन सौंपते हुए बताया कि संविधान निर्माता डॉ.अम्बेडकर जी का पार्क जो कि अनुसूचित जाति बहुल वार्ड क्रं. 11 सीहोर की एक मात्र शान है। उक्त पार्क के सामने रोड पर बड़े-बड़े गड्ढे हो गये हैं। इस कारण से पूजा पाठ करने वाली महिलाऐं व पुरुष जो कि पार्क की पीछे हनुमान मंदिर, माता मंदिर पर पूजा करने जाती है।

रक्षाबंधन पर लगे महादेव के जयकारे



हरिभूमि न्यूज ⏭ पचमढ़ी

शुक्रवार को रक्षाबंधन पर पचमढ़ी स्थित महादेव मंदिर में भगत हजारों की संख्या में देखने को मिले। महाराष्ट्र विधर्व से भगवान शंकर को भगत राखी बांधने आते है। श्रद्धालुओं के आस्था ओर विश्वास के रक्षाबंधन पर्व पर बहुत अधिक संख्या में श्रद्धालु देखे गए। महादेव मंदिर लगभग 2 से 3 किलोमीटर तक वाहनों की लंबी कतार देखी गई। जिसे नियंत्रित करने के लिए पचमढ़ी थाना प्रभारी एवं समस्त स्टाफ सुबह से ही मुस्तैद दिखाई दिया।

भक्तों ने महादेव को बांधी राखी

यातायात व्यवस्था वाहनों की व्यवस्थित पार्किंग एवं भीड़ में चोरी जैसी घटनाएं न हो पर ध्यान दिया शाम तक महादेव मंदिर से लगभग भीड़ छटने के बाद पचमढ़ी थाना स्टाफ गया। किसी भी प्रकार की घटना दुर्घटना नहीं हुई। भगतो ने भी भोले बाबा को खूब राखी बांधी ओर हर हर महादेव के जयकारे से चोरागढ एवं महादेव मंदिर क्षेत्र गूंजित हो गया।

बड़े और गहरे हुए स्टेट हाईवे पर जलभराव स्थल के गड्ढे, अब जानलेवा हो रहे साबित



हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

सोहागपुर में सीएम राइज़ स्कूल भवन के सामने जल भराव समस्या बनी हुई है। अब ठीकठाक बारिश क्षेत्र में होने से जलभराव बढ़ गया है तथा सड़क के कम गहरे गड्ढे बहुत गहरे हो चले हैं। इस कारण वाहनों की टूटफूट बढ़ गई है।

खतरनाक हो रहे साबित

अंजान वाहन चालकों के लिए पानी में छिपे गहरे गड्ढे खतरनाक साबित हो रहे हैं।

शिविरों में हो रहा प्रशासन और नागरिकों के बीच सीधा संवाद : कलेक्टर

सेमरी हरचंद में हुआ मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान शिविर आयोजित

प्रशासन द्वारा चलाये जा रहे मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के तहत शनिवार को सोहागपुर विकासखंड की ग्राम पंचायत सेमरी हरचंद में मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान शिविर आयोजित किया गया।



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के तहत शनिवार को सुहागपुर विकासखंड की ग्राम पंचायत सेमरी हरचंद में मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान शिविर आयोजित किया गया। शिविर में राज्यसभा सांसद माया नारोलिया, विधायक विजयपाल सिंह, कलेक्टर सोमेश मिश्रा एवं पुलिस अधीक्षक साई कृष्ण एस. थोटा ने पहुंचकर ग्रामीणों एवं नागरिकों से संवाद किया। शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारियों द्वारा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं कार्यक्रमों की जानकारी नागरिकों को दी गई। अधिकारियों ने पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ लेने की प्रक्रिया, पात्रता एवं उपलब्ध सुविधाओं के संबंध में भी जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम के दौरान पात्र हितग्राहियों को विभिन्न शासकीय योजनाओं के तहत हितलाभ का वितरण भी किया गया। उद्यम संवाद के माध्यम से स्वरोजगार योजना तथा योजना के अंतर्गत लाभ प्राप्त करने वाले लाभार्थियों ने भी अपने अनुभव साझा किए। इससे पूर्व मुख्यमंत्री विश्वास अभियान की शुरुआत राष्ट्रगीत वंदे मातरम एवं राष्ट्रगान जन गण मन के समूह गायन के साथ हुई जहां उपस्थित जन समुदाय, जनप्रतिनिधिगण एवं समस्त अधिकारी गण ने सस्वर राष्ट्रभक्ति से उत्प्रोत वंदे मातरम एवं राष्ट्रगान का गायन किया। कलेक्टर ने उपस्थित नागरिकों को मुख्य मंत्री जन विश्वास अभियान के संबंध में विस्तार पूर्वक जानकारी देते हुए अभियान तथा अभियान के अंतर्गत लगने वाले शिविर की रूपरेखा के संबंध में बताया। मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के तहत आयोजित शिविर में राज्यसभा सांसद श्रीमती माया नारोलिया, विधायक श्री विजयपाल सिंह एवं कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा ने नागरिकों से संवाद किया। इस दौरान विभिन्न विभागों द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई तथा पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया गया। राज्यसभा सांसद श्रीमती माया नारोलिया ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश सरकार शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण, गरीब कल्याण, कृषि सहित समाज के सभी वर्गों को सशक्त बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव द्वारा योजनाओं की सतत मॉनिटरिंग की जा रही है, जिससे योजनाओं के पात्र हितग्राहियों तक शासन की योजनाओं का लाभ पहुंच रहा है।

कलेक्टर मिश्रा ने शिविर में पहुंचे युवाओं से कहा कि वे उद्योग विभाग के स्टॉल पर पहुंचकर विभिन्न स्वरोजगार योजनाओं की जानकारी प्राप्त करें। उन्होंने युवाओं से उद्यमिता से जुड़कर स्वयं का रोजगार स्थापित करने तथा अन्य लोगों को भी रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के शिविर शासन की योजनाओं को नागरिकों तक पहुंचाने के साथ ही जनप्रतिनिधि, प्रशासन और आम नागरिकों के बीच संवाद का प्रभावी माध्यम बन रहे हैं। उद्यम संवाद के दौरान उद्यमी श्री राजकुमार अग्रवाल, धनराज कुशवाहा, रामेश्वर पटेल, गिरजा शंकर कुशवाहा, सुष्मिता ठाकुर, पूजा पदराम, प्रीति प्रजापति ने उद्योग स्थापना से लेकर अपने स्वरोजगार के सपने को साकार करने करने 140 हितग्राहियों को शासकीय योजनाओं के लाभ से लाभान्वित कर प्रमाण पत्र वितरित किए गए। शिविर के दौरान सोहागपुर जनपद पंचायत अध्यक्ष जालम सिंह पटेल, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष, एसडीएम डॉ बबीता राठौर सहित बड़ी संख्या में जन समुदाय उपस्थित रहा।

पर्यटन स्थल बीफाल में हृदय गति रुकने से पर्यटक की मौत



हरिभूमि न्यूज ⏭ पचमढ़ी

प्रसिद्ध एवं प्रिय स्थल बीफाल में एक पर्यटक को अचानक हार्डअटेक आ गया। बीफाल जिप्सी पार्किंग से 200 मीटर की दूरी पर रेलिंग से खड़े होकर नीचे बीफाल का नजारा देखते समय अचानक गुजरात के गांधी नगर से पचमढ़ी भ्रमण पर आए एक पर्यटक को दिल का दौरा पड़ा ओर वह गिर गए। उनकी पत्नी बच्चों ने मदद के लिए आवाज दी। वहां उपस्थित गाइडों ने पर्यटक की मदद की साथ ही प्राथमिक उपचार के दौरान दो बार सी.पी.आर भी दिया ओर पर्यटक को उठाकर जिप्सी तक ले गए। पर्यटक को जिप्सी से लेजाकर डॉ अतुल जैन को दिखाया गया जहां डॉ जैन ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पर्यटक की पत्नी बच्चों को रोता देख उपस्थित लोगों की आखो में आंसू उतर आये।

कजलिया लेने कि परंपरा का निर्वाहन किया गया



पिपरिया। अनेकानेक पुरानी परंपराओं का निर्वाहन आज भी लगातार जारी है। भले ही कंम्पयूटर युग चल रहा है। लेकिन अभी वर्तमान में जब तक बुजुर्ग लोग उपस्थित है।तब तक पुरानी परंपराओं को लेकर लगातार आगे बढ़ाया जा रहा है। लेकिन अभी वर्तमान में शायद दुसरी बार हुआ है।कि कजलियों का विसर्जन के समय पानी नहीं वर्ष रहा है।जिसमें कजलियों का विसर्जन किया गया। लोगों ने अपने परिवार में परंपरागत तरीके से किसी ने 2किसी ने 4तो किसी ने 9 खकरा के दोनो में कजलियों को लगाया गया था। रक्षा बंधन के दुसरे दिन पर कजलियों को झूले में झूला कर पूजा अर्चना कर दुध चावल को भोग लगाकर उनकी परिक्रमा करते हुए गीत गाए जाते हैं।

नगर में वर्षों से लंबित लीज नवीनीकरण मामलों की शिकायत

सोहागपुर नगर कांग्रेस अध्यक्ष ने सौंपा कलेक्टर को आवेदन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

नगर में लंबित लीज नवीनीकरण मामलों से जनता परेशान है। मामले में सोहागपुर नगर कांग्रेस अध्यक्ष प्रशांत जायसवाल ने शनिवार को कलेक्टर नर्मदापुरम-सोमेश मिश्रा को आवेदन सौंपा है।

आवेदन में जायसवाल ने उल्लेख किया है कि नगर में लीज नवीनीकरण एवं लीज निर्धारण की बड़ी समस्या है। जिसके कारण नागरिक वर्षों से परेशान हैं तथा संपत्ति संबंधित वैधानिक कार्यवाही पूर्ण नहीं करा पा रहे हैं। जायसवाल ने उल्लेख किया है कि प्रशासन से प्राप्त जानकारी अनुसार वर्ष 1981 से 1986 के बीच नगर की विभिन्न भूमियों का लीज निर्धारण किया गया। तत्समय शासन ने नागरिकों को लिखित पट्टे जारी नहीं किए थे।



यद्यपि भू-अभिलेखों व राजस्व रिकॉर्ड में संबंधित व्यक्तियों के नाम दर्जकर रिकॉर्ड अपडेट किए गए थे। वर्तमान में लीज नवीनीकरण में नागरिकों से पुराने लिखित पट्टे प्रस्तुत करने को कहा जा रहा है, जबकि शासन ने लिखित पट्टे जारी नहीं किए थे। इस स्थिति में नागरिकों के पास पुराने पट्टे उपलब्ध होना संभव नहीं है।

लीज का हो पुनः निर्धारण

आवेदन में कलेक्टर से मांग की गई है कि खसरा नकल, राजस्व अभिलेख एवं शासन के उपलब्ध रिकॉर्ड में जिस व्यक्ति का नाम दर्ज है, उसके आधार पर लीज का पुनः निर्धारण एवं नवीनीकरण की प्रक्रिया प्रारंभ की जाए। तथा पुराने पट्टे की अनिवार्यता को व्यावहारिक रूप से समाप्त किया जाए।

ये विषय भी रखे

आवेदन में उल्लेख है कि नगर के कुछ हिस्सों में वर्ष 1981-82 के आसपास लीज निर्धारण प्रक्रिया के दौरान कुछ स्थान छूट गए थे। इन स्थानों के संबंध में भी कई नागरिकों के नाम राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज हैं। लेकिन उनका लीज निर्धारण एवं भूमि कर का निर्धारण नहीं हो पाया तथा संबंधित पट्टे भी जारी नहीं किए गए।

अगला विषय प्रकरण की नकल के नाम पर नागरिकों पर अतिरिक्त आर्थिक भार संबंधित है। जिसके अनुसार प्रकरणों की नकल एवं पुराने रिकॉर्ड की प्रतियों की नकल प्राप्त करने में प्रत्येक निवासी को लगभग 2,000 तक का अतिरिक्त खर्च वहन करना पड़ रहा है।

गिरते पानी में खिलाड़ियों ने दिखाया अपना अपना हुनर



हरिभूमि न्यूज ⏭ पचमढ़ी

सान्दीपनि विद्यालय पचमढ़ी में जिला स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता में आयोजन किया गया। जिसमें नर्मदापुरम, बनखेड़ी, सोहागपुर, पिपरिया विकासखण्ड की अंडर 19 आयु वर्ग के बालक ,बालिका ने सहभागिता की। बालक वर्ग में फाइनल मुकाबला पिपरिया और नर्मदापुरम के बीच हुआ, जिसमें पिपरिया 6 - 0 से विजेता रहा। बारीश में बालक बालिकाओं की फुटबाल प्रतियोगिता में खेल के प्रति छात्र छात्राओं की रुचि देखते ही बनतीी हैं। प्रतियोगिता को सफल बनाने में प्राचार्य मनीष गुप्ता, सबीता साहू,पल्लवित साहू,रूपनाराण श्रीवास, किसनलाल उइके,खेल शिक्षक सन्तोष यादव, उमेश बरैया का सहयोग रहा। प्रतियोगिता के सफल संचालन हेतु जिला शिक्षा अधिकारी एल.एन.पूजापती, संभागीय क्रीड़ा अधिकारी श्री गजेन्द्र सुराजिया, जिला क्रीड़ा अधिकारी राजेंद्र नामदेव ने शुभकामनाएं दी।

राष्ट्रीय खेल दिवस पर निकाली साइकिल रैली, खिलाड़ियों ने दिया फिटनेस का संदेश



सीहोर। राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर खेल विभाग सीहोर द्वारा 28 अगस्त 2026 को साइकिल रैली का आयोजन किया गया। रैली में जिले के विभिन्न खेलों से जुड़े खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। साइकिल रैली का शुभारंभ खेल अधिकारी रूबिका दीवान ने हरी झंडी दिखाकर किया। खेल विभाग द्वारा राष्ट्रीय खेल दिवस के अंतर्गत 28 से 30 अगस्त 2026 तक तीन दिवसीय कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इन कार्यक्रमों के माध्यम से खिलाड़ियों को विभिन्न खेल गतिविधियों से जोड़ने के साथ ही फिटनेस एवं खेल कौशल विकास से संबंधित गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। साथ ही विभिन्न आयु वर्ग के युवाओं को खेलों के प्रति प्रेरित करने का प्रयास किया जाएगा। साइकिल रैली के माध्यम से खिलाड़ियों एवं खेलप्रेमियों ने स्वस्थ जीवनशैली, नियमित व्यायाम और खेलों के महत्व का संदेश दिया। रैली में खेल अधिकारी रूबिका दीवान, युवा समन्वयक प्रमोद उइके, हॉकी कोच रसूल सिद्दीकी, फुटबॉल कोच सुयश कन्नौजिया, फुटबॉल संघ के सचिव मनोज अहमद, बॉक्सिंग कोच रेखा कुशवाहा, पवन पहलवान, बाबूजी परज बाबू सहित बड़ी संख्या में खिलाड़ी एवं खेलप्रेमी शामिल हुए।

महंगाई के विरोध में कांग्रेस ने गन्ना युक्त पेट्रोल से चूल्हे पर बनाई चाय

बेतहाशा महंगाई के विरोध में कांग्रेस का अनोखा प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

बेतहाशा बढ़ती महंगाई और आम जनता की रसोई पर पड़ रहे आर्थिक बोझ के विरोध में शहर कांग्रेस कमेंटी द्वारा जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजीव गुजराती की उपस्थिति में और शहर कांग्रेस अध्यक्ष घनश्याम यादव के नेतृत्व में ने अनोखे एवं प्रतीकात्मक तरीके से विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के माध्यम से आम आदमी की रोजमर्रा की जरूरतों पर लगातार बढ़ रही महंगाई को लेकर सरकार के खिलाफ आवाज बुलंद की गई।

कार्यक्रम के दौरान गन्ने से बने एथेनॉल युक्त पेट्रोल के मुद्दे को प्रतीकात्मक रूप से उठाते हुए चाय बनाई गई, वहीं बढ़ती महंगाई के कारण रसोई से शक्कर गायब होने की स्थिति को दर्शाने के लिए आम जनता को चम्मच से शक्कर वितरित की गई। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने लोकधुनों और व्यंग्यात्मक नारेबाजी के माध्यम से महंगाई के खिलाफ विरोध दर्ज कराया। जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजीव गुजराती ने कहा कि आज देश की जनता महंगाई से त्रस्त है। खाद्य सामग्री से लेकर रोजमर्रा की



आवश्यक वस्तुओं तक के दाम लगातार बढ़ रहे हैं, लेकिन सरकार आम लोगों को राहत देने में विफल साबित हो रही है। उन्होंने कहा कि जनता की कमाई सीमित है और खर्च लगातार बढ़ता जा रहा है। रसोई का बजट बिगड़ चुका है और आम परिवार महंगाई की मार झेलने को मजबूर है। कांग्रेस पार्टी हमेशा जनता की आवाज बनकर उनके अधिकारों और हितों की लड़ाई लड़ती रहेगी। कांग्रेसजनों ने सरकार से मांग की कि बढ़ती महंगाई पर तत्काल नियंत्रण किया जाए और आम जनता को राहत प्रदान की जाए। इस अवसर पर कांग्रेस ने बेहतासा महंगाई को कम कराने के लिए बाबा रामदेव और स्मृति ईरानी का आवाहन किया। घनश्याम यादव ने कहा की जनता की कमाई कम, महंगाई बेहिसाब—अब और नहीं सहेगी जनता महंगाई का संताप और इस सरकार को बदल कर रहेगी कांग्रेस पार्टी जनता की आवाज है और जनता के साथ है । विरोध प्रदर्शन में प्रमुख रूप से जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजीव गुजराती, राजाराम बड़े भाई, घनश्याम यादव, विवेक राठौर, नरेंद्र खंगराले,रमेश गुप्ता, मुकेश ठाकुर, पंकज शर्मा, अरुण मालवीय, हसीन कुरैशी, संतोष मालवीय, रेहान शाह, ओम प्रकाश राठौर, रमेश गुप्ता, प्रीतम दयाल चौरसिया, आरपी शुक्ला, मुनव्वर मामू, कमलेश चांडक, राकेश वर्मा, हफ़ीज़ चौधरी मजीद अंसारी,डॉ. अनीस खान, तुलसी राठौड़, हसीन क़ुरैशी, भगत सिंह तोमर, अजीज भाई, प्रेमनारायण परमार, रियासत भाई, ओम सोनी, लकी सक्सेना, अनुभव सेन, अशरफ अली, जतिन परमार, ब्रजेश पाटीदार, आदि कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष सुदीप प्रजापति ने पंडित प्रदीप मिश्रा का आशीर्वाद लेकर दी बधाई



सीहोर। पंडित प्रदीप मिश्रा के सानिध्य में आयोजित भव्य एवं ऐतिहासिक कांवड़ यात्रा के सफल आयोजन को लेकर भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष सुदीप प्रजापति ने कुबेरेश्वर धाम पहुंचकर परम पूज्य पंडित प्रदीप मिश्रा जी का आशीर्वाद प्राप्त किया और उन्हें सफल आयोजन के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

इस अवसर पर सुदीप प्रजापति ने कहा कि पंडित प्रदीप मिश्रा के मार्गदर्शन में आयोजित कांवड़ यात्रा ने सीहोर की धार्मिक पहचान को देश-दुनिया में और मजबूत किया है। देश-विदेश से लाखों शिवभक्त इस कांवड़ यात्रा का हिस्सा बनते हैं, यह सीहोर के लिए गौरव का क्षण है। इतनी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं का सीहोर पहुंचकर भगवान शिव के प्रति अपनी आस्था प्रकट करना हम सभी के लिए गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि कांवड़ यात्रा के दौरान पूरा सीहोर हर-हर महादेव के जयघोष से शिवमय हो गया। श्रद्धालुओं की आस्था, उत्साह और सेवाभाव ने इस आयोजन को ऐतिहासिक बना दिया। सुदीप प्रजापति ने आयोजन की सफलता के लिए पंडित प्रदीप मिश्रा सहित सभी सहयोगियों, सेवाभावी कार्यकर्ताओं और शिवभक्तों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर अक्षय राज सिंह चौहान , अनुराग मिश्रा, राहुल विजयवर्गीय आदि मौजूद थे।

मोहल्लों से श्रद्धालु भजन-कीर्तन करते हुए नदी के घाट पहुंचे

भुजरिया उत्सव पारंपरिक तरीके से मनाया पूजन के बाद जवारों का किया विसर्जन





हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

शनिवार को भुजरिया उत्सव धूमधाम और पारंपरिक तरीके से मनाया गया। शहर में शाम को अजनाल नदी के पेड़ी घाट पर जवारों का विसर्जन किया गया। अलग-अलग मोहल्लों से श्रद्धालु भजन-कीर्तन करते हुए घाट पहुंचे। पूजन के बाद जवारों का विसर्जन किया गया। इस दौरान युवाओं ने पारंपरिक गीतों पर डंडे भी लड़ाए। नगर पालिका और पुलिस प्रशासन ने नदी किनारे सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए थे। विसर्जन के बाद लोगों ने मंदिरों में भगवान को भुजरिया अर्पित की और एक-दूसरे को भुजरिया देकर पर्व की बधाई दी। शाम को शहर के विभिन्न मोहल्लों से श्रद्धालु भुजरिया की टोकरियां लेकर भजन-कीर्तन करते हुए पेड़ी घाट पहुंचे। घाट पर पूजन-अर्चना के बाद जवारों का विसर्जन किया गया। इस दौरान युवाओं ने पारंपरिक गीतों पर डंडे लड़ाकर पर्व की खुशी मनाई। नदी किनारे सुरक्षा को देखते हुए नगर पालिका और पुलिस प्रशासन की ओर से पुख्ता इंतजाम किए गए थे। विसर्जन के बाद श्रद्धालुओं ने मंदिरों में भगवान को भुजरिया अर्पित की। इसके बाद लोगों ने एक-दूसरे को भुजरिया देकर पर्व की शुभकामनाएं दीं। बड़ों के पैर छूकर उनका आशीर्वाद भी लिया गया। पर्व के दौरान शहर में पारंपरिक उत्साह और उल्लास का माहौल रहा। भुजरिया पर्व ग्रामीण किसानों के लिए खास महत्व रखता है। किसान आज भी भुजरिया पर्व पर बोई जाने वाली भुजरियों के आकार और रंगत के आधार पर रबी सीजन में गेहूं की पैदावार का अनुमान लगाते हैं। यह परंपरा सावन मास की नवमी तिथि को भुजरियां बोने के साथ शुरू होती है और आधुनिक कृषि तकनीकों के दौर में भी कायम है।

गांवों में भी निकाले चल समारोह

जिले के सिराली, पीपल्या, मगरधा, बालागांव, रहटगांव, फुलडी और पानतलाई सहित अन्य गांवों में भी भुजरिया पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। ग्रामीणों ने पूर्व जनपद सदस्य रामभरोस पटेल के निवास पर भुजरिया की टोकरियां एकत्रित कर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। महिलाओं ने सिर पर भुजरियों की टोकरियां रखकर भजन गाते हुए गांव के मुख्य मार्गों से चल समारोह निकाला। पुरुषों ने ढोलक-मजीरों की थाप पर भजन गाते हुए पारंपरिक रूप से डंडे लड़ाए। इसके बाद ग्रामीण घोघई नदी पहुंचे, जहां भुजरिया की पूजा कर उनका विसर्जन किया गया। विसर्जन के बाद ग्रामीणों ने एक-दूसरे को गले मिलकर भुजरिया दी और पर्व की शुभकामनाएं दीं।



रहटगांव में धूमधाम से मनाया भुजरिया पर्व, अजनाल नदी में किया विसर्जन



रहटगांव। शनिवार को रक्षाबंधन के दूसरे दिन रहटगांव में भुजरिया पर्व धूमधाम एवं उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर महिलाओं ने सिर पर भुजरिया की टोकरियां रखकर चल समारोह निकाला और अजनाल नदी में भुजरियों का विसर्जन किया।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणजन, महिलाएं एवं बच्चे शामिल हुए। ग्रामीणों के अनुसार सावन मास की अष्टमी और नवमी को छोटी-छोटी बांस की टोकरियों में मिट्टी की तह बिछाकर गेहूं या जौ के दाने बोए जाते हैं। इन्हें प्रतिदिन पानी दिया जाता है और सावन मास में झूला देने की परंपरा भी है।

खेलो इंडिया संवाद में प्रधानमंत्री ने युवाओं को किया संबोधित

खेल, फिटनेस, युवा नेतृत्व और नशामुक्ति पर दिया संदेश

राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों ने साझा किए अपने अनुभव



हरिभूमि न्यूज ⏭ खरगोन

शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, खरगोन में राष्ट्रीय सेवा योजना, खेल एवं युवा कल्याण विभाग तथा मेरा युवा भारत के संयुक्त तत्वावधान में खेलो इंडिया संवाद—खेल की बात, प्रधानमंत्री के साथ कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. जी.एस. चौहान के मार्गदर्शन में ऑनलाइन माध्यम से आयोजित हुआ। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशभर के युवाओं एवं खिलाड़ियों को संबोधित किया। उन्होंने खेल, फिटनेस, युवा नेतृत्व, वर्ष 2036 में प्रस्तावित ओलंपिक की तैयारियों, विकसित भारत और नशामुक्त युवा जैसे विषयों पर विचार व्यक्त किए।

उन्होंने युवाओं से खेलों से जुड़ने, फिट एवं अनुशासित रहने तथा राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया। साथ ही प्रतिभाशाली खिलाड़ियों की पहचान कर उन्हें बेहतर प्रशिक्षण एवं सुविधाएं उपलब्ध कराने पर जोर दिया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी पवी दुबे ने कहा कि खेल जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। खेलों से शारीरिक स्वास्थ्य के साथ अनुशासन, आत्मविश्वास और टीम भावना का विकास होता है। उन्होंने विद्यार्थियों से पढ़ाई के साथ खेल गतिविधियों में भी सक्रिय भागीदारी करने का आह्वान किया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. जी.एस. चौहान ने विद्यार्थियों को नियमित रूप से खेल गतिविधियों में भाग लेने तथा महाविद्यालय, जिले और देश का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन महिला कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सावित्री भगोरे ने किया। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन युवाओं को समाज एवं राष्ट्र के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को समझने और निभाने के लिए प्रेरित करते हैं।

जिला युवा अधिकारी, मेरा युवा भारत श्री कुशाल सिंह चौहान ने विद्यार्थियों को मेरा युवा भारत पोर्टल पर पंजीयन करने तथा विभिन्न गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया। राष्ट्रीय सेवा योजना के जिला संगठक अधिकारी डॉ. सुरेश आवसे ने कहा कि खेल केवल मनोरंजन का साधन नहीं, बल्कि युवाओं के शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक विकास का महत्वपूर्ण माध्यम हैं। उन्होंने युवाओं से खेलों में बढ़-चढ़कर भाग लेने तथा अपनी प्रतिभा को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाने का आह्वान किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्तर के शतरंज खिलाड़ी गौतम भालसे ने अपने खेल अनुभव साझा करते हुए निरंतर मेहनत, अनुशासन और आत्मविश्वास को सफलता की कुंजी बताया। राष्ट्रीय स्तर की मार्शल आर्ट प्रतियोगिता में भाग ले चुकी सिया जागीर ने भी अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय स्तर पर प्रतियोगिता में भाग लेने से उनके आत्मविश्वास, अनुशासन और साहस में वृद्धि हुई तथा अपने राज्य का प्रतिनिधित्व करना उनके लिए गौरवपूर्ण अनुभव रहा। कार्यक्रम में डॉ. राजू हमीर देसाई, डॉ. राजेंद्र सिंह चौहान सहित स्वयंसेवक एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

श्री सिद्धनाथ व महाबलेश्वर महादेव देंगे भक्तों को दर्शन

58वां शिवडोला आज, राजसी ठाठ-बाट से नगर भ्रमण पर निकलेंगे सिद्धनाथ महादेव

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरगोन

राजाधिराज अधिष्ठाता भगवान श्री सिद्धनाथजी महादेव भादौ बदी दूज, रविवार 30 अगस्त को राजसी ठाठ-बाट, लाव-लश्कर और श्रद्धा-भक्ति के साथ अपनी प्रजा को दर्शन देने नगर भ्रमण पर निकलेंगे। 58वें शिवडोले को लेकर शहर पूरी तरह शिवमय हो चुका है। भगवान के स्वागत के लिए नगर के प्रमुख मार्गों को भगवा पताकाओं, बैनर-पोस्टरों और स्वागत सज्जाओं से सजाया गया है। शिवडोला समिति द्वारा भावसार मोहल्ला स्थित श्री सिद्धनाथ महादेव मंदिर के गर्भगृह में प्रातः 9 बजे प्रस्थान आरती की जाएगी। इसके बाद भगवान श्री सिद्धनाथजी महादेव एवं भगवान श्री महाबलेश्वरजी महादेव श्रृंगारित पालकी में विराजित होंगे। प्रातः 10 बजे रुद्राक्ष मित्र मंडल द्वारा झांझ-मंजीरे, नगाड़े और शंखनाद के साथ पालकी यात्रा की अगवानी की जाएगी। प्रातः 11 बजे पालकी यात्रा भावसार धर्मशाला प्रांगण पहुंचेगी, जहां अतिथियों एवं शिवडोला समिति द्वारा मुख्य राजश्री रथ पर महाआरती की जाएगी। इसके पश्चात शिवडोला नगर भ्रमण के लिए प्रस्थान करेगा।

सार्वजनिक श्रावण मास समारोह समिति श्री सिद्धनाथ महादेव मंदिर भावसार मोहल्ला खरगोन के प्रवक्ता प्रकाश भावसार ने बताया कि शिवडोले के 58वें वर्ष में भक्त और भगवान के स्वागत के लिए समूचा शहर उत्साह और भक्ति से सराबोर है। शिवभक्तों के स्वागत के लिए 80 से अधिक सेवा मंच सजाए गए हैं। रविवार प्रातः 4 बजे मंदिर स्थापनकर्ता मल्लीवाल परिवार के वंशज गुलाबचंद भावसार एवं परिजन द्वारा गर्भगृह में पूजन-अभिषेक किया जाएगा। प्रातः 6 बजे शिवडोला समिति के पदाधिकारी पूजा-अर्चना एवं अभिषेक करेंगे। शिवडोला समिति संरक्षक मनोहर भावसार ने बताया कि मुख्य झांकी पर शिवडोला समिति अध्यक्ष नवनीतलाल भंडारी, मंदिर स्थापनकर्ता परिवार के गुलाबचंद भावसार, भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री एवं सांसद गजेंद्रसिंह पटेल, विधायक बालकृष्ण पाटीदार, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष राजेंद्रसिंह राठौर, समिति संरक्षक बबलू पाल एवं नितीन मालवीया द्वारा महाआरती की जाएगी। प्रसाद वितरण के पश्चात भगवान नगर भ्रमण के लिए प्रस्थान करेंगे।



27 झांकियां और विविध प्रस्तुतियां रहेंगी आकर्षण

शिवडोले की अगुवाई घुड़सवार निमेश महाजन एवं अश्विन राठौर करेंगे। शिवडोले में मुख्य रथ सहित 27 झांकियां, 11 लोकनृत्य दल, तीन अखाड़े, 10 ढोल-ताशा दल, दो घुड़सवार, एक नगाड़ा दल और दो भजन मंडलियां शामिल होंगी। विभिन्न धार्मिक, पौराणिक एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियां श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रहेंगी। समिति सचिव विनीत महाजन ने बताया कि सनातन सेना द्वारा गायत्री मंदिर तिराहा, कुंदन सेन द्वारा बिस्टान रोड तिराहा तथा इंजीनियर नितिन मालवीया द्वारा गुरु नानकदेव चौराहा पर स्थायी ट्रस के माध्यम से भव्य आतिशबाजी एवं पुष्पवर्षा की जाएगी। इस वर्ष समिति के माध्यम से आठ झांकियां भी बनवाई गई हैं। गुरु नानकदेव चौराहा स्थित कालिका माता मंदिर पर मुख्य रथ के आगमन पर पुजारी विकास भट्ट के आचार्यत्व तथा हरिओम राठौड़ एवं पप्पू गुप्ता मित्र मंडल के तत्वावधान में शिव-शक्ति मिलन होगा। इस अवसर पर भव्य आतिशबाजी की जाएगी।

शिवडोला को सफल बनाने का आह्वान

समिति संरक्षक मनोहर भावसार, जगदीश डंडीर, बबलू पाल, रमेश सेठ (फटफटी), विपिन गौर, लोकेंद्रसिंह रावत, दीपक डंडीर, अध्यक्ष नवनीतलाल भंडारी, उपाध्यक्ष गुलाबचंद भावसार, राजेश धारे, राजेश भावसार (टेंट), कृष्णपालसिंह राठौर, डॉ. मोहन भावसार, कोषाध्यक्ष राधाकृष्ण महाजन, श्याम महाजन केमिस्ट, श्याम महाजन कालू, सचिव विनीत महाजन, रवि धारे, आशीष मल्लीवाल, हरिओम राठौड़, कमलजीतसिंह गांधी, कल्याण भावसार, रणजीतसिंह डंडीर, सहसचिव नीरज भावसार सन्नी, राजू जैन, राजेंद्र पटेल, नाना यादव, चेतन भावसार, प्रवक्ता एवं मीडिया प्रभारी प्रकाश भावसार, सह मीडिया प्रभारी धर्मेंद्र भावसार लाला, सुनील भावसार, जितेंद्र भावसार, रोहित भावसार तथा पुजारी पं. राजू महाराज पगारे सहित समिति सदस्यों ने समस्त श्रद्धालुओं से शिवडोले में शामिल होकर धर्मलाभ लेने का आह्वान किया है।

गतका, भंगड़ा और गिद्दा रहेंगे विशेष आकर्षण

शिवडोला मार्ग पर बैंक ऑफ महाराष्ट्र के सामने स्थायी मंच के माध्यम से खालसा युद्ध कला गतका तथा पंजाब के पारंपरिक नृत्य भंगड़ा एवं गिद्दा की रोमांचक प्रस्तुतियां दी जाएंगी। समिति सचिव एवं पंजाबी साहित्य अकादमी भोपाल के क्षेत्रीय समन्वय संयोजक सरदार कमलजीतसिंह गांधी ने बताया कि पंजाबी साहित्य अकादमी के निदेशक सरदार इंद्रजीतसिंह खनूजा एवं श्री गुरु सिंघ सभा खरगोन के नेतृत्व में यह प्रस्तुति होगी।

60 लीटर अवैध महुआ शराब के साथ दो आरोपी गिरफ्तार, 82 हजार का सामान जब्त किया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

अवैध शराब के परिवहन पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत छीपाबड़ पुलिस ने मोरगढ़ी के पास कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने उनके कब्जे से चार कुप्पियों में भरी कुल 60 लीटर हाथ भट्टी महुआ शराब, एक बिना नंबर की पल्सर मोटरसाइकिल और मोबाइल फोन सहित कुल 82 हजार रुपए का मशरूका जब्त किया। पुलिस के अनुसार 28 अगस्त को मुखबिर से अवैध शराब के परिवहन की सूचना मिली थी। इस पर सउनि संजय सिंह ठाकुर, प्रधान आरक्षक शांतिलाल एवं तारिक खान ने मोरगढ़ी के पास मोटरसाइकिल से शराब लेकर जा रहे दीपक कैथवास (35) निवासी वार्ड नंबर 3 खिरकिया एवं ओमप्रकाश सैनी (38) निवासी वार्ड नंबर 10 खिरकिया को पकड़ा। आरोपियों के पास से 15-15 लीटर की चार कुप्पियों में कुल 60 लीटर महुआ शराब बरामद हुई।

मामले में थाना छीपाबड़ में अपराध क्रमांक 429/2026, धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया गया। पूछताछ में आरोपियों ने शराब का परिवहन अपने साथी रवि पासी निवासी खिरकिया के कहने पर करना बताया। रवि पासी घटना के बाद से फरार है। कार्रवाई एसडीओपी खिरकिया रॉबर्ट गिरवाल के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी निरीक्षक संतोष सिंह चौहान के नेतृत्व में की गई। टीम में सउनि संजय सिंह ठाकुर, प्रधान आरक्षक शांतिलाल, तारिक खान, आरक्षक हेमुलाल जमरे एवं उदयभान गुर्जर की सराहनीय भूमिका रही।



जहरीली दवा का सेवन करने से युवक की उपचार के दौरान मौत, जांच में जुटी पुलिस

हरदा। जिला अस्पताल में इलाज के दौरान शनिवार दोपहर 22 वर्षीय युवक की मौत हो गई। युवक ने गुरुवार रात जहरीली दवा का सेवन कर लिया था। हालत गंभीर होने पर उसे भोपाल रेफर किया गया था, लेकिन परिजन उसे वापस हरदा ले आए। यहां जिला अस्पताल में इलाज के दौरान शनिवार को उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है और मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, ग्राम छोटी हरदा में एक किसान के यहां मजदूरी कर रहे राहुल पिता अमरसिंह काजले (22) ने गुरुवार रात करीब 9 बजे जहरीली दवा का सेवन कर लिया था। तबीयत बिगड़ने पर उसे तत्काल जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जिला अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद राहुल की हालत गंभीर देखते हुए डॉक्टरों ने उसे भोपाल रेफर कर दिया था। परिजन उसे इलाज के लिए भोपाल ले गए, लेकिन युवक वापस घर लौटने की जिद करता रहा। इसके बाद परिजन उसे वापस हरदा लेकर आए और जिला अस्पताल में भर्ती कराया। हरदा जिला अस्पताल में राहुल का इलाज चल रहा था। शनिवार दोपहर इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया और इसके बाद शव परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर जहरीली दवा का सेवन करने के कारणों की जांच शुरू कर दी है। मृतक के पिता अमरसिंह काजले ने बताया कि उनका परिवार मूल रूप से ग्राम रुंदलाय का रहने वाला है। राहुल उनके चार बेटों में दूसरे नंबर का था। पिता के अनुसार, राहुल ने उन्हें बताया था कि उसने 'चारा मार' दवा का सेवन किया था।

चौक का नाम भगवान परशुराम चौक रखने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

नगर परिषद सिराली में एक प्रमुख चौक का नाम भगवान परशुराम चौक रखने की मांग की गई है। यह चौक वार्ड 7 और 8 के बीच हरदा मुख्य मार्ग पर लक्ष्मीनारायण नागेश्वर के घर के सामने स्थित है। परशुराम सेना मध्यप्रदेश की हरदा जिला इकाई ने इस संबंध में मुख्य नगरपालिका अधिकारी को एक ज्ञापन सौंपा है।

सेना ने अपने आवेदन में कहा है कि भगवान परशुराम न्याय, ज्ञान और सनातन संस्कृति के प्रतीक हैं। नगरवासी लंबे समय से इस प्रमुख चौराहे का नाम उनके नाम पर रखने की इच्छा रखते हैं। परशुराम सेना ने मांग की है कि इस प्रस्ताव को पीआईसी और परिषद की आगामी बैठक में रखा जाए, ताकि चौराहे का आधिकारिक नामकरण किया जा सके। वर्तमान में इस चौक का कोई आधिकारिक नाम नहीं है। ज्ञापन सौंपते समय परशुराम सेना के संरक्षक राघवेंद्र पारे, जिला अध्यक्ष नितिन बद्री प्रसाद जोशी सर्व ब्राह्मण समाज के शुक्ला, परशुराम सेना के सिराली तहसील अध्यक्ष निक्की उपाध्याय, अभिषेक उपाध्याय, महामंत्री सुजल जोशी और सुदर्शन शर्मा विक्रमपुर सहित कई पदाधिकारी मौजूद थे।



कुबेरेश्वरधाम पर उमड़ा आस्था का सैलाब हजारों श्रद्धालुओं ने किया मंगल तिलक



सीहोर। रक्षाबंधन के अवसर पर शुक्रवार को जिला मुख्यालय के समीपस्थ प्रसिद्ध कुबेरेश्वरधाम में आस्था और भक्ति का अद्भुत नजारा देखने को मिला। सुबह से ही हजारों की संख्या में श्रद्धालु धाम पहुंचे। श्रद्धालुओं ने भगवान कुबेरेश्वर महादेव का मंगल तिलक कर सीवन नदी के तट से लाए पवित्र जल से विधि-विधान के साथ अभिषेक किया।

श्रावणी पूर्णिमा पर पाली में शहीद हुए हजारों पालीवाल ब्राह्मणों को किया नमन

पालीवाल समाज ने नहीं मनाया रक्षाबंधन का त्योहार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

श्रावणी पूर्णिमा और रक्षाबंधन के अवसर पर जहां शहर में पर्व की धूम रही, वहीं पालीवाल ब्राह्मण समाज ने अपनी 735 साल पुरानी परंपरा का निर्वहन करते हुए रक्षाबंधन का पर्व नहीं मनाया। समाजजनों ने पाली में हुए हमले में शहीद हुए हजारों पालीवाल ब्राह्मणों की स्मृति में उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित कर उनके बलिदान को याद किया।

पालीवाल ब्राह्मण समाज के अनुसार श्रावणी पूर्णिमा के दिन पाली में हुए हमले के दौरान बड़ी संख्या में ब्राह्मणों ने धर्म और मातृभूमि की रक्षा करते हुए अपने प्राणों का बलिदान दिया था। इसी शहादत की याद में समाज द्वारा रक्षाबंधन पर्व नहीं मनाने की परंपरा आज भी निभाई जा रही है। समाजजनों ने शहीदों को नमन करते हुए उनके त्याग और वीरता को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर समाज अध्यक्ष कृष्णकांत पालीवाल, सचिव प्रदीप पालीवाल, कोषाध्यक्ष नरेंद्र पालीवाल, मीडिया प्रभारी सक्षम पालीवाल तथा उपाध्यक्ष संजय पालीवाल बरखेड़ा सहित कार्यकारिणी के सदस्य मौजूद रहे।



कार्यकारिणी में मोहन पालीवाल, अशोक पालीवाल, संजय पालीवाल इछावर, अनिल पालीवाल, बाबू दादा, बृजेश पालीवाल, राजेश पालीवाल भाऊँखेड़ी, राजेंद्र पालीवाल नेहरू कॉलोनी, राज रतन पालीवाल, सोनू पालीवाल, लीलाधर पालीवाल, महेश पालीवाल, गोपाल पालीवाल और मदनलाल पालीवाल सहित अन्य समाजजन शामिल रहे। वहीं पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राजकुमारी पालीवाल, पूर्व मंत्री अंजू पालीवाल, कीर्ति पालीवाल, बबली पालीवाल, मीना पालीवाल, निधि पालीवाल, आशा पालीवाल और प्रभा पालीवाल सहित समाज की महिलाओं ने भी शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। समाजजनों ने कहा कि रक्षाबंधन का दिन उनके लिए अपने पूर्वजों के बलिदान को याद करने का अवसर है।

आईटीआई में प्रवेश के लिए सीएलसी राउंड शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरगोन

तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार विभाग के अंतर्गत जिले में संचालित समस्त शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं (आईटीआई) में प्रवेश के लिए सीएलसी राउंड प्रारंभ हो गया है। सीएलसी राउंड में शामिल अभ्यर्थियों को संबंधित संस्था के कार्यालय में 31 अगस्त को सुबह 10:30 बजे से शाम 5:30 बजे तक स्वयं उपस्थित होकर उपस्थिति दर्ज कराना अनिवार्य होगा। अभ्यर्थियों की मेरिट सूची 1 सितंबर को जारी की जाएगी। मेरिट सूची के आधार पर अभ्यर्थी आवश्यक दस्तावेजों के सत्यापन के लिए संस्था में उपस्थित होकर प्रवेश प्राप्त कर सकेंगे।

